**आकाशवाणी शिमला**
**07.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**जीएसटी सुधार– माल परिवहन**

वस्तु व सेवाकर, जी.एस.टी. परिषद ने कुशल और नागरिक अनुकूल अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप 3 सितंबर को जी.एस.टी. दरों में संशोधन किया है। परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के चार स्लैब को 5 और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में बदलकर सरल बना दिया है। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरों को कम किया है। जी.एस.टी. में आम आदमी पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सुधार किए गए हैं और ये 22 सितम्बर से लागू हो जाएंगे। वाणिज्यिक वाहनों में, ट्रक और डिलीवरी वैन जैसे मालवाहक वाहनों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। ट्रक भारत की आपूर्ति श्रृंखला की रीढ़ हैं और लगभग 65 से 70 प्रतिशत माल यातायात का वहन करते हैं।

**उच्च वेतनमान**

प्रदेश सरकार ने राज्य के कर्मचारियों को पूर्व भाजपा सरकार के समय दिए गए उच्च वेतनमान के निर्णय को वापस ले लिया है। वित्त विभाग ने कल इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। इस संबांध में प्रदेश सचिवालय सेवाएं कर्मचारी संगठन की अध्यक्षता में कल आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कर्मचारी संगठन 8 सितंबर को मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और प्रधान सविच वित्त से मिलकर इसका विरोध जताएंगे।

**भरमौर जनजीवन**

चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा के दौरान फंसे लगभग 16 हज़ार यात्रियों को सुरक्षित चंबा पहुंचाने का चंबा जिला प्रशासन का बचाव अभियान कल संपन्न हो गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से 64 यात्रियों को चंबा पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान कुल 17 यात्रियों की मृत्यु हुई है जिनके शव चंबा पहुंचाए गए हैं।

**चंद्र ग्रहण**

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। ये ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। चंद्रग्रहण आज रात आठ बजकर 58 मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर 25 मिनट पर समाप्त होगा। यह दुर्लभ खगोलीय घटना एक दशक में सबसे लंबे ग्रहणों में से एक होगी। इसकी अवधि 82 मिनट की होगी और चंद्र ग्रहण पाँच घंटे से अधिक समय तक रहेगा।

**कामगार बोर्ड**

हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के सुचारू संचालन व कार्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए बोर्ड में मोटिवेटर के अनुरूप 150 श्रमिक मित्र आउटसोर्स आधार पर नियुक्त किए जाएंगे। ये जानकारी बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बोर्ड की 51वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। कामगारों को सुविधा प्रदान करने के लिए कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और सोलन में मॉडल कल्याण योजना के दिशा–निर्देशों के अनुसार लेबर चौक बनाने का निर्णय लिया गया।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हुए हैं। जनजातीय जिला किन्नौर में मौसम साफ है। हालांकि चंबा व कुल्लू जिला में हल्की बारिश का समाचार है। प्रदेश में अगले कुछ दिनों में तेज मॉनसूनी बारिश से राहत मिलने की सम्भावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बारह सितम्बर तक हल्की से सामान्य वर्षा होने की आशा है। प्रदेश में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में अब तक 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 8 सौ 97 सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक हजार 5 सौ 72 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 89 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं।